**दिल्ली पब्लिक स्कूल जम्मू**
**सत्र: 2024-25**
**अर्धवार्षिक परीक्षा**
**पुनरावृत्ति पत्रिका**

**कक्षा-चौथी** **विषय- हिंदी**

**उपविषय - पाठ-3 रज्जी का शौक ,पाठ-4 अभिमानी गुलाब ,पाठ-5 बंधन का सुख (कविता) पाठ-6 चिड़िया की बच्ची**
**व्याकरण -1 संज्ञा भेदों सहित 2. सर्वनाम भेदों सहित 3. लिंग 4. वचन**
**अपठित गद्यांश , पठित गद्यांश , अपठित काव्यांश , अनुच्छेद लेखन , पत्र लेखन**

**प्र०1निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ते हुए पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**
प्रात:काल का समय अत्यंत मनमोहक होता है। सूरज निकलने से पहले आकाश में लालिमा छा जाती है और आकाश बहुत सुंदर लगता है। धीरे-धीरे सूरज पहाड़ों की गोद से निकलता जान पड़ता है। यह आकाश में पूरब दिशा से निकलता है। सूरज के निकलते ही सारा अंधकार मिट जाता है। इसकी रोशनी का मुकाबला किसी अन्य वस्तु की रोशनी नहीं कर सकती । प्रात:काल धीमी-धीमी वायु चलती है ,जो मन को मोह लेती है। प्रात:काल की वायु हमारे शरीर को तरोताज़ा कर देती है और हमारी सेहत के लिए भी अच्छी होती है। प्रात:काल पक्षी अपने घोंसलों को छोड़कर खुले आकाश में उड़ते हैं। इस वातावरण में सैर करने से मन प्रसन्न हो जाता है। प्रात:काल नए-नए फूल क्यारियों में खिलते हैं,जिनकी सुगंध से सारा वातावरण महक उठता है। सभी अपना आलस्य त्यागकर काम-काज में लग जाते हैं।

**क) निम्नलिखित प्रश्नों के सही उत्तर लिखिए-**

i) सूरज निकलने के पहले क्या होता है?

ii) वातावरण कब महक उठता है?

**ख) निम्नलिखित शब्दों के सही अर्थ चुनकर लिखिए-**

**i) आकाश -** घर , आसमान, बाज़ार

**ii प्रात:काल -** सुबह का समय , रात का समय , दोपहर का समय

**ग) सही (✓ ) या गलत (x) का निशान लगाइए-**

i) सूरज के निकलते ही सारा अंधकार मिट जाता है।( )

ii) प्रात:काल की वायु हमारी सेहत के लिए अच्छी नहीं होती है। ( )

**घ) सही विकल्प चुनकर लिखिए-**

i) सूरज आकाश में किस दिशा से निकलता है?

अ) पूरब ब) उत्तर स) दक्षिण

i) प्रात:काल क्यारियों में नए-नए क्या खिलते हैं ?

अ) पत्थर ब) फूल स) कागज़

**प्र०2 निम्नलिखित अपठित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ते हुए पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-**

नन्हे-नन्हे हमें न समझो ,
हम भारत की शान हैं
हमसे ही है धरती सारी,
फैला यह आसमान है।



फूल हैं हम इस बगिया के,
खुशबू फैलाना काम है।
बढ़-चढ़कर आगे जाएँगे,
करते काम महान हैं।

ऊँचे ही उठते जाना है,

आगे ही बढ़ते जाना है।

बढ़े चलेंगे , नही रूकेंगे,

हम भारत की शान हैं।

**क) सही विकल्प चुनकर लिखिए -**

i) हमें क्या न समझो?

अ) नन्हे ब) पक्षी स) शेर

ii) हम किसकी शान है?

अ) चीन की ब) अमेरिका की स) भारत की

iii) हम इस बगिया के क्या हैं?

अ ) भँवरे ब) फूल स) तितली

iv) हमसे ही सारी क्या है?

अ) आसमान ब) पाताल स) धरती

v) हम कैसे काम करते हैं?

अ) महान ब) बुरे स) सुंदर

**ख) निम्नलिखित शब्दों के उचित समानतुक शब्द लिखिए-**

**i)** शान हैं - **ii)** काम है **-**

**खंड- ख**

**प्र०3 “मेरी कक्षा " विषय पर सहायक सूची की मदद से एक अनुच्छेद लिखिए- (शब्द सीमा-70-80)**

<u>सहायक सूची</u>- बड़ी, सुंदर, हवादार, श्यामपट्ट, खिड़कियाँ, बच्चे, अध्यापिका, नोटिस बोर्ड, पंखे, दरवाजा, अलमारी, किताबें, कूड़ेदान, पसंद ।



**प्र०4 अपनी बहन की शादी पर अपने मित्र को निमंत्रण पत्र लिखिए -**

**खंड -ग**

**प्र०5 निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित संज्ञा शब्दों के भेद चुनकर लिखिए-**

क) मैंने पतंग उड़ाई । (व्यक्तिवाचक संज्ञा/ जातिवाचक संज्ञा)

ख) रानी ऊँचाई से डरती है । (जातिवाचक संज्ञा / भाववाचक संज्ञा)

ग) मेरा भारत महान है । (व्यक्तिवाचक संज्ञा/ जातिवाचक संज्ञा)

**प्र०6 निम्नलिखित रिक्त स्थानों में उचित संज्ञा शब्द भरिए-**

क)_________ पढ़ाई कर रही है।

ख) उसने मेरा _________ले लिया ।

ग) रमन ________जा रहा है ।

**प्र०7 निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित शब्दों के लिंग बदलकर वाक्य पुनः लिखिए-**

क) नौकर सफ़ाई कर रहा है।

ख) कवि कविता पढ़ रहा है।

ग) मैंने चिड़ियाघर में मोर देखा ।

**प्र०8 कोष्ठक में दिए शब्दों के लिंग बदलकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए-**

क) राधा का ________ मंदिर गया है। (बेटी)

ख) _________ मंच पर है। (गायक)

ग) _______ तैयार हो रहा है। (वधू )

**प्र०9 निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित सर्वनाम शब्दों के उचित भेद चुनकर लिखिए-**

क) आप <u>कहाँ</u> गए थे ? (निश्चयवाचक सर्वनाम/ प्रश्नवाचक सर्वनाम)

ख) <u>तुम्हारा</u> भाई अच्छा है। (पुरुषवाचक सर्वनाम/ अनिश्चयवाचक सर्वनाम)

ग) <u>यह</u> मेरा घर है। (प्रश्नवाचक सर्वनाम/ निश्चयवाचक सर्वनाम)

**प्र०10 निम्नलिखित रिक्त स्थानों की पूर्ति के लिए उचित सर्वनाम शब्द चुनकर लिखिए-**

क) ____________ कल फ़िल्म देखने गया था । (मेरा **/**मैं )

ख) __________ कमरा कहाँ है ? ( उसका / तुम)

ग) __________ गाना गा रहे हैं । (मैं**/** वे )

**प्र०11 निम्नलिखित अनुच्छेद में रेखांकित शब्दों के वचन बदल कर अनुच्छेद पुन:लिखिए- (4)**

मैं अपनी माँ के साथ पुराने मंदिर गई।वहाँ मेरे चाचा जी का <u>बेटा</u> भी आया हुआ था।सबने मंदिर में <u>घंटी</u> बजाई। मैंने मंदिर के बाहर से <u>गुड़िया</u> खरीदी और रास्ते में <u>घोड़ा</u> भी देखा।

**प्र०12 कोष्ठक में से उचित वचन चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए-**

**क)** फूल पर _________ बैठी है। (तितली **/** तितलियाँ)

**ख)** दुकान पर तीन ________ हैं । (छाता **/** छाते )

**ग)** माँ बाज़ार से ________ लाई। (वस्तु **/** वस्तुएँ)

**खंड -घ**

**प्र०13 निम्नलिखित पठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ते हुए पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

माधवदास शाम को जब दिन की गरमी ढल जाती है और आसमान कई रंग का होता जाता है, तब कोठी के बाहर चबूतरे पर तख्त डलवाकर मसनद के सहारे गलीचे पर बैठते हैं और प्रकृति की छटा निहारते हैं। आज कुछ-कुछ बादल थे।घटा गहरी नहीं थी। धूप का प्रकाश उनमें से छन-छनकर आ रहा था। माधवदास मसनद के सहारे बैठे थे। उनके देखते-देखते सामने की गुलाब की डाली पर एक चिड़िया आन बैठी। चिड़िया बहुत सुंदर थी। माधवदास को वह चिड़िया बडी़ मनभावनी लगी कुछ देर

तक उस चिड़िया का इस डाल से उस डाल पर थिरकना देखने के बाद उन्होंने चिड़िया से कहा, “सुनो चिड़िया, यह बगीचा मैंने तुम्हारे लिए बनवाया है। तुम बेखटके यहाँ आया करो”।

**क) निम्नलिखित प्रश्नों के सही उत्तर लिखिए-**

i) माधवदास शाम ढलने पर कहाँ आकर कैसे बैठते थे ?

ii) माधवदास ने चिड़िया से क्या कहा?

**ख) निम्नलिखित वाक्य को पढ़कर सही(√)या गलत (×)का निशान लगाइए-**

i) माधवदास मसनद के सहारे बैठे थे। ( )

**प्र०14 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए-**

क) रज्जी कैसा लड़का था और उसके माता-पिता क्यों परेशान थे?

ख) गुलाब ने अपने परिवार के किन-किन सदस्यों से गेंदे को मिलवाया?

ग) चिड़िया की देह को किसका बोध हुआ ?

**प्र०15 निम्नलिखित रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए-**

क) रज्जी गुल्ली-डंडा और _______ भी खेलता था।

ख) लेकिन परिवार के फलने-फूलने में वृद्धजनों का _________ ही काफ़ी है।

ग) मैं तुझे _______ से मढ़कर तेरे मूल्य को चमका दूँगा।

**प्र०16 निम्नलिखित शब्दों के सही अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए-**

क) लहू-लुहान ख) मसनद ग) मध्यावकाश

**प्र०17 सही विकल्प चुनकर लिखिए-**

क) रज्जी को प्रधानाचार्य जी ने क्या बना दिया?

i) कप्तान ii) मॉनीटर iii) उप-कप्तान

ख) पत्तियों के चारों ओर का कटाव किसे पसंद था?

i) काँटे को ii) गेंदे को iii) गुलाब को

ग) माधवदास को किससे प्रेम था?

i) खेती से ii) कला से iii) खेल से

**प्र०18 निम्नलिखित वाक्यों को पढ़कर सही (√) या गलत (×) का निशान लगाइए-**

क) तेरा घर समूचा मिट्टी का होगा। । ( )

ख) गुलाब के रूप की प्रशंसा संसार में सभी करते हैं । ( )

ग) रज्जी ने सुगंधा के सिर पर एक साँप गिरा दिया। ( )

**प्र०19 कविता की निम्नलिखित पंक्तियाँ पूरी कीजिए -**

क)मैना ने ___________ ,

_____________ पल-छिन में।

मैना को ____________ ,

ख) _______________ गगन में ।।

चार दिनों _________________ ,

__________________ रही थी ।

